संक्षिप्त विज्ञापन

राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड, जयपुर

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018 दूरभाष नं. 0141–2722520

क्रमांकः प.14(42)RSMSSB/अर्थना/मा.शि./प्रयो.सहा./2016/460 दिनांक : 22.09.2016

बोर्ड द्वारा निम्नलिखित पदो हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं:–

माध्यमिक शिक्षा विभाग, बीकानेर के लिये राजस्थान शिक्षा अधीनस्थ सेवा नियम–1971, कृषि विभाग के लिये राजस्थान कृषि अधीनस्थ सेवा नियम–1978 एवं कॉलेज शिक्षा विभाग के लिये राजस्थान अधीनस्थ सेवा (भर्ती और सेवा की अन्य शर्तें) नियम–2001 तथा राजस्थान अनुसूचित क्षेत्र अधीनस्थ, मंत्रालयिक एवं चतुर्थ श्रेणी सेवा (भर्ती एवं सेवा की अन्य शर्तें) नियम, 2014 के अन्तर्गत प्रयोगशाला सहायक संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा–2016

पद व विभाग		पद संख्या		आयु (दिनांक 01.01.2017 को)	वेतनमान
पद का नाम	पद कोड	गैर अनुसूचित क्षेत्र	अनुसूचित क्षेत्र	न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष से कम।	रनिंग पे बेण्ड (5200–20200 रू) ग्रेड पे रू 2800/–
प्रयोगशाला सहायक					
विभाग : माध्यमिक शिक्षा विभाग	01	1532	184		
विभाग : कृषि विभाग	02	46	04		
विभाग : कॉलेज शिक्षा विभाग	03	117	13		
		1695	201		

<u>शैक्षणिक योग्यता</u>:–

<u>पद कोड–1 से 3 के लिये</u> :–

सीनियर सैकण्डरी अथवा हायर सैकण्डरी वैकल्पिक विज्ञान विषय सहित परीक्षा उत्तीर्ण या इसके समकक्ष अन्य परीक्षा उत्तीर्ण जिसे सरकार द्वारा मान्यता प्रदान की हुई है,

और

देवनागरी लिपी में लिखी हिन्दी में कार्य करने का ज्ञान एवं राजस्थान की संस्कृति का ज्ञान।

<u>आवेदन करने की अवधि</u>:–ऑनलाइन आवेदन पत्र **दिनांक 26.09.2016 मध्य रात्रि 12 बजे से 26.10.2016 को मध्य रात्रि 12 बजे** तक भरे जा सकेंगे। परीक्षा शुल्क **दिनांक 26.09.2016 मध्य रात्रि 12 बजे से 26.10.2016 को मध्य रात्रि 12 बजे तक** (ई–मित्र कियोस्क पर रात्रि 8 बजे) तक ही जमा हो सकेगा। आवेदकों को सलाह दी जाती है कि अन्तिम दिनांक का इन्तजार किये बिना निर्धारित समय सीमा के भीतर ऑनलाइन आवेदन करें।

<u>परीक्षा का माह व स्थान</u>:– परीक्षा **दिनांक 13.11.2016** को बोर्ड द्वारा आवंटित परीक्षा केन्द्रो पर करवाई जायेगी। इस संबंध में अधिक सूचना बोर्ड की वेबसाइट एवं प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अलग से दे दी जायेगी।

<u>अन्य बिन्दु व सूचना</u>:– परीक्षा शुल्क, आवेदन प्रक्रिया, आरक्षित पदों का वर्गीकरण, आयु में छूट के प्रावधान एवं परीक्षा की स्कीम इत्यादि की सूचना विस्तृत विज्ञापन में बोर्ड की वेबसाइट <u>www.rsmssb.rajasthan.gov.in</u> पर उपलब्ध है। विस्तृत विज्ञापन राजस्थान रोजगार संदेश के आगामी अंक में प्रकाशित होगा।

इस परीक्षा के संबंध में समय समय पर जारी सूचनाओं को बोर्ड की उपरोक्त बेवसाइट से प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार के मार्गदर्शन/सूचना हेतु राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड, राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर में स्थित स्वागत कक्ष पर व्यक्तिगत रूप से अथवा दूरभाष नं. 0141–2722520 पर सम्पर्क किया जा सकता है। समस्त पत्र व्यवहार सचिव, राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड, राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018 को सम्बोधित किया जावे।

(प्रदीप कुमार बोरड़)

सचिव